Regarding need to increase frequency of Train No. 22581/22582 and also to change the time of the Train and other related issues of Railways-Laid

श्री सनातन पांडेय **(बलिया) :** मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि गाड़ी संख्या 22581/22582 के फेरों को बढाकर नियमित किया जाए तथा गाड़ी के समय में परिवर्तन किया जाए । भारत के प्रथम स्वतंत्रतता सेननी शहीद मंगल पांडे जी के नाम पर वर्तमान में चल रही गाड़ी नई दिल्ली से जयनगर के बीच स्वतंत्रता सेनानी सुपरफस्ट एक्सप्रेस का नाम बदलकर शहीद मंगलपांडे स्वतंत्रतता सेनानी सुपरफास्ट ट्रेन कर दिया जाए । बलिया से कलकत्ता की दूरी को 14 से 15 घंटे में पूरा करने वाली रेल सेवा प्रारंभ की जाए । बलिया-गाजीपुर-छपरा रेलखंड पर कोरोना टाइम में स्टेशनों को रेलवे हाल्ट का दर्जा दे दिया गया था, इन्हे पूर्ण रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया जाए । बलिया रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर शहीद मगल पांडे के नाम पर किया जाए ।